Regarding wild animal menace

श्री रामशिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती):** मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती का बहुत ही गंभीर मुद्दा है । यहां जनपद बलरामपुर के विकाखंड पचपेड़वा, हरैया, सतघरवा, तुलसीपुर, जो नेपाल सीमा से सटे हुए गांव हैं, इन क्षेत्रों में जंगली तेंदुओं का आतंक बढ़ गया है । जंगली तेंदुए ने ग्राम लाल नगर सिपहिया की पांच वर्षीय बंदनी, 11 नवंबर को ग्राम लाल नगर सिपहिया के 6 वर्षीय अरुण वर्मा, 16 नवंबर को ग्राम बेलवा के 7 वर्षीय विकास, 24 नवंबर को ग्राम बनकटवा निवासी पांच वर्षीय रितेश, 25 नवंबर को गांव जोगिहवा निवासी सात वर्षीय मुकेश, 3 दिसंबर को भगवानपुर कोडर निवासी सात वर्षीय अनुष्का जैसे 10-12 बच्चों पर हमला किया और बुरी तरह से घायल कर दिया ।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि पीड़ित परिवारों को कम से कम 25 लाख मुआवज़ा दिया जाए और नेपाल बॉर्डर से सटे हुए जनपदों जैसे श्रावस्ती, बनरामपुर के जंगल के किनारे गांवों में हाई मास्क लाइट बेरिकेटिंग लगाने की व्यवस्था की जाए ताकि जंगली जानवरों का आतंक बंद हो सके । इससे यहां के लोगों के जान-माल की और आम जनमानस की जंगली जानवरों की सुरक्षा हो सकेगी ।